## महत्वपूर्ण एवं खास

### टारगेट अकादमी ने जीता रायगढ़ कप का खिताब

#### फाइनल मैच में गुरुकुल अकादमी को 32 रनों से हराया

**रायगढ़।** गुरुकुल क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में आयोजित रायगढ़ कप का खिताब टारगेट अकादमी ने अपने नाम कर लिया। आईटीआई ग्राउंड में खेले गए फाइनल मैच में टारगेट ने गुरुकुल क्रिकेट अकादमी को 32 रनों से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। अतिथियों के हाथों विजेता व उपविजेता टीम के साथ टूर्नामेंट के बेस्ट खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। रायगढ़ कप का खिताबी मुकाबला गुरुवार को आईटीआई ग्राउंड में टारगेट अकादमी व गुरुकुल क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। टारगेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 30 ओवर में 192 रन का स्कोर खड़ा किया। इसमें राहुल सिंह ने 64, अमित ने 27 व सचिन ने 28 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी में गुरुकुल की ओर से केशव ने 6 ओवर में 26 रन देकर 2, क्रितिक ने 6 ओवर में 19 रन देकर 2 व नीतीश ने 5 ओवर में 29 रन देकर 2 विकेट लिए।

### भालू के हमले से ग्रामीण घायल

**रायगढ़।** लकड़ी लेने जंगल गए ग्रामीण पर झाड़ियों में छिपे दो भालुओं ने हमला कर दिया। ग्रामीण ने किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से भाग निकला। भालू के हमले से घायल ग्रामीण का उपचार धरमजयगढ़ अस्पताल में जारी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के बोरो वनपरिक्षेत्र में लकड़ी लेने जंगल गए ग्रामीण अर्जुन बैगा पर झाडियों में छिपे दो भालु ने अचानक हमला कर दिया। भालू के हमले से गंभीर रूप से घायल ग्रामीण का इलाज धरमजयगढ़ के सिविल अस्पताल में जारी है।

### रायगढ़ शहर में सटोरियो पर फिर हुई कार्यवाही, 10 लोगों से सट्टा-पट्टी के साथ 42,575 रूपये जप्त

#### सीएसपी रायगढ़ के नेतृत्व में शहर के थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा की गई कार्यवाही

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार अग्रवाल के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा अपने अनुविभाग के थाना/चौकी प्रभारियों को रेड कार्यवाही करने हेतु एक-एक टीम बनाकर अपने-अपने क्षेत्र में सुनियोजित रूप से जुआ-सट्टा, अवैध शराब, कबाडियों पर कार्यवाही करने का निर्देश दिये । इसी क्रम में 2 जनवरी की शाम कोतवाली, चक्रधरनगर, कोतरारोड़ एवं चौकी जूटमिल प्रभारीगण अपने स्टाफ के साथ मुखबिर की तुख्ता सूचना पर एक के बाद एक रेड कार्यवाही किया गया, जिसमें चौकी जूटमिल क्षेत्र में 5, कोतवाली क्षेत्र में 4 तथा चक्रधरनगर क्षेत्र में 1 व्यक्ति को सट्टा-पट्टी लिखते हुये सट्टा-पट्टी व नगदी के साथ पकड़ा गया है । पकडे गये आरोपियों से कुल 42,575 रूपये जप्त हुआ है, आरोपियों के विरूद्ध थानों में 4(क) जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

### साउथ बिहार ट्रेन से गिरकर युवक घायल

**रायगढ़।** किरोड़ीमल नगर रेलवे स्टेशन के पास 2 जनवरी की दोपहर एक युवक साउथ बिहार ट्रेन से गिरकर घायल हो गया। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका ईलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार युवक का नाम मोहम्मद अकबर निवासी ग्राम बलियास (कदमा) थाना भवरिया बिहार है।

## रायगढ़ में फूटा देह व्यापार का रैकेट

### कमला नेहरू उद्यान व रोज गार्डन में चक्रधर नगर पुलिस की कार्यवाही

**रायगढ़ (आरएनएस)।** शहर में बढ़ते देह व्यापार के कारोबार को लेकर नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में की गई कार्रवाई में कई सेक्स वर्कर सहित दलाल हाथ लगा है। पुलिस की कार्रवाई के बाद आई खबर से शहर में खलबली मच गई। पुलिस दबिश में 6 महिलाओं व 5 पुरुषों को पकड़ा गया है। इस मामले में चक्रधर नगर थाना प्रभारी ने बताया कि शहर के प्रेम नगर, कमला नेहरू उद्यान व रोज गार्डन में संदिग्ध लोगों की हरकत को लेकर सूचना के आधार पर जब वहां छानबीन की गई तब कई संदिग्ध मिले। जिसमें एक



दलाल भी पकड़ा गया है। चूंकि इसमें पकड़े गए लोग सीधे तौर पर इसमें शामिल नहीं मिले हैं लेकिन इनकी संदिग्ध स्तिथि को लेकर पकड़ा गया है।

नगर पुलिस अधीक्षक और चक्रधर नगर प्रभारी को मुखबिर की सूचना पर चक्रधर नगर, जुटमिल, कोतवाली तीनों थानों की पुलिस ने कार्रवाई की। अंदरूनी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पकड़े गए संदिग्धों के खिलाफ 151 की कार्रवाई की जाएगी। वही पकड़ा गया दलाल पूर्व में भी देह व्यापार के मामले में पकड़ा गया है उस पर पीटा एक्ट के तहत करवाई तय है। फ़िलहाल इस पूरे मामले में सच क्या है। पुलिस करेगी पूरी मामले का खुलासा।

## देह व्यापार के लिये लड़कियां उपलब्ध कराने वाली महिला दलाल गिरफ्तार

### महिला पर पीटा एक्ट के तहत की गई कार्यवाही

**रायगढ़।** गुरूवार 03 जनवरी को नगर पुलिस अधीक्षक रायगढ़ सिद्धार्थ तिवारी द्वारा रात्रि टाउन पेट्रोलिंग के दौरान हमराह स्टाफ के साथ अतरमुडा में मुखबिर सूचना पर महिला दलाल को उसके घर पर देह व्यापार के लिए लाई गई दो युवतियों के साथ पकड़े ।

जानकारी के अनुसार नगर पुलिस अधीक्षक तिवारी को रात्रि टाउन पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना दिया गया कि अतरमुडा में रहने वाली महिला दलाल अपने घर में बाहरी लडकियों को बुलाकर उन्हें पैसा का लालच देकर देह व्यापार कराने के लिए लायी है । सूचना पर नगर पुलिस अधीक्षक व हमराह स्टाफ, गवाहों के साथ रात्रि करीब 21.00 बजे महिला दलाल के घर दबिश दिया गया । घर में महिला दलाल व दो युवतियां मिली । युवतियों से पूछताछ करने पर बताये के महिला दलाल रूपयों का लालच देकर देह व्यापार करवाती हैं तथा दलाली का काम करती हैं । महिला दलाल के पास से उसका ओप्पो कंपनी का मोबाईल एवं दलाली का रकम 10000 रूपये जप्त किया गया है । महिला दलाल के विरूद्ध थाना चक्रधरनगर में अप.क्र. 04/19 धारा 4 (1) पीटा एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है ।

## पूंजीपथरा स्थित बालाजी स्काई एलोइज के सभी ठिकानों में आयकर विभाग की दबिश!

**रायगढ़।** पूंजीपथरा जिंदल इंडस्ट्रियल पार्क स्थित बालाजी स्काई एलोइज में आयकर विभाग की दबिश की खबर आ रही है जानकारी के अनुसार आज सुबह से ही आयकर विभाग के अधिकारी पहुच कर दस्तावेज खंगाल रहे है। बताया जा रहा है कि बालाजी स्काई एलोइज का मुख्य दफ्तर कोलकाता में स्थित है और यह प्लांट टाटा स्टील से रॉ मटेरियल खरीदता है व प्रोडक्ट बनाकर वापस टाटा स्टील प्लांट को ही सप्लाई करता है। स्टील व कई प्रकार के दस्तावेजों में आंकड़ो के हेरफेर को लेकर प्लांट के सभी ठिकानों में आयकर विभाग ने दबिश की खबर आ रही है।

## धान खरीदी केन्द्रों में औसत से अधिक हो रही खरीदी

**रायगढ़।** धान खरीदी केंद्र में जहाँ औसत से कही अधिक धान की ख़रीदी कर ली है, इससे प्रशासन चौकन्ना हो गई है। पिछले साल अल्प वर्षा व सूखा होने की स्थिति में अभी की तुलना में धान की फसल कम हुई थी इसके बाद भी कई समितियो में भारी मात्रा में धान की खरीदी को लेकर अधिकारियो की ड्यूटी लगा कर रकबा सत्यापन की कार्रवाई भी कराई गई थी जहां कई लोच भी सामने आई थी। इस वर्ष तो प्रशासन और भी पेशोपेश में है कई धान खरीदी केंद्र तो ऐसे हैं जहां जरूरत से ज्यादा खरीदी कर ली गई है । वही दूसरी ओर धान खरीदी केंद्रों में प्रशासन की आंख में धूल झोंककर जमकर कोचिया गिरी हो रही है। दर असल समर्थन मूल्य के साथ 300 सौ रुपए बोनस कर दिया है जिसका लाभ कमाने के कई रास्ते समिति प्रबन्धक निकाल लेते है।

## लियो क्लब ने शीतलहर को देखते हुए प्रदत्त किये रूम हीटर

**रायगढ़।** शहर की सेवाभाव से कार्य करने वाली समाजसेवी संस्था लियो क्लब ऑफ रायगढ़ मिडटाउन द्वारा नव वर्ष के उपलक्ष्य में दिव्यांग एवं मुखबाधित नई उम्मीद आश्रम कौहाकुंडा में शीतलहर एवं लगातार तापमान में गिरावट को देखते हुए क्लब के सदस्यों द्वारा जरूरत अनुसार रूम हीटर प्रदत्त किया गया जिससे कि वहाँ रहने वाले दिव्यांग बच्चों को ठंड से बचाया जा सके साथ ही साथ नया साल मानते हुए केक काटा



गया एवं बच्चों को नाश्ता करवाया गया।

इस अवसर पर लियो मल्टीपल आकाश अग्रवाल कोरबा से तथा अध्यक्ष ऐश अग्रवाल ,अभिषेक अग्रवाल (चरक) , मिंटू थवाईत ,राहुल गर्ग ,तिलक बंसल , रोमिन अग्रवाल ,पॉवेल अग्रवाल ,आयुष अग्रवाल मौजूद थे।

## मानव तस्करी रोकने के लिए बनेगी योजना- राजेश अग्रवाल

### मां-बाप को बच्चों से मिलवाने से होगी सबसे बड़ी खुशी

**रायगढ़ ।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में आदिवासी इलाकों से मानव तस्करी एक बडा मुद्दा है और इसे रोकने के लिए नए पुलिस अधीक्षक ने एक योजना बनाकर पहल करने की बात कहते हुए यह माना है कि गरीब आदिवासी परिवार के बच्चियों को वापस लाना उनकी प्राथमिकता होगी। साथ ही साथ वापस अपने माता-पिता से उन्हें मिलवाकर सर्वाधिक खुशी का एहसास होगा। आज एक चर्चा के दौरान पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल ने यह बताया कि बढ़ते अपराधों की रोकथाम के अलावा उनका फोकस मानव तस्करी पर विशेष तौर पर रहेगा। चूंकि छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के अलावा जशपुर जिले से बड़ी संख्या में मानव तस्करी की शिकायत है। उनका कहना है कि बकायदा एक टीम बनाकर काम किया जाएगा और लोगों के



सुझाव लेकर इसे अंजाम दिया जाएगा। समय-समय पर जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा और रोजगार के संसाधनों को मानव तस्करों के हत्थे चढ़ी लड़कियों को वापस लाकर उन्हें खुद के पैरों पर खड़ा करने के लिए पुलिस विभाग ही आगे की पहल करेगा।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छतीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छतीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छतीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU




**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

**न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की**

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग. संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480